PUBLICATION NAME :	Gujarat Vaibhav
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	07/03/25
PAGE :	11

ईडीआईआई ने एम्प्रेसारियो 2025 वार्षिक स्टार्टअप समिट का किया आयोजन

अहमदाबाद। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (EDII), अहमदाबाद द्वारा एम्प्रेसारियो 2025 वार्षिक स्टार्टअप समिट (2 दिवसीय) का आयोजन 6 मार्च को संस्थान के परिसर में किया गया। एम्प्रेसारियो स्टार्टअप समिट 2025, 13वां वार्षिक प्रमुख आयोजन है, जो 'भविष्य के नवाचार' पर आधारित है, और यह 7 मार्च को समाप्त होगा। एम्प्रेसारियो स्टार्टअप समिट में स्टार्टअप्स, नए उद्यमी, उद्योग मार्गदर्शक, निवेशक और छात्र समुदाय एकत्रित होते हैं, जो अपने उद्यमिता के अनुभवों को साझा करते

हैं, नए अद्वितीय दृष्टिकोण प्राप्त करते हैं, और विकसित हो रहे स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का अभिन्न हिस्सा बनने का एक विशेष मंच है। एम्प्रेसारियो, एक अनोखा मंच, 2012 में शुरू हुआ था और तब से यह सबसे बड़े उद्यमिता सम्मेलनों में से एक बन चुका है। समिट का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. धन सिंह रावत, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सहकारिता मंत्री, उत्तराखंड सरकार ने किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि उद्यमिता और स्टार्टअप्स का सिद्धांत देश में तेजी से बढ़ रहा है। आज का समय इनोवेटर्स, इनोवेशन, विचारों, इनक्यूबेशन और निवेशकों का है। युवाओं को आगे बढकर अपने सामने उपस्थित अवसरों का लाभ उठाना चाहिए।